


तमसो मा ज्योतिर्गमय
Government Degree College Theog (H.P.)

# राजकीय महाविद्यालय ठियोग

## जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2021-22


**डॉ. ललिता चंदन**

प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय ठियोग, जिला शिमला ( हि.प्र. )

उद्यमेन हि सिद्धसन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2021-2022

ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण, राजकीय महाविद्यालय, ठियोग, नगर के पार्श्व में चुंडू नामक दिव्य चोटी पर प्रकृति के नैसर्गिक सौन्दर्य के मध्य अवस्थित है, पूर्व दिशा में चूढ़धार, पश्चिम में पर्यटक नगरी कुफरी की सौन्दर्य छठा, दक्षिण में चायल और उत्तर दिशा में नारकण्डा की समांतर परिलक्षित पहाड़ियों से आगे सुदूर हिमाच्छादित हिमालय की श्रृंख्लाओं से आती शीतल-शीतल हवाओं में वर्ष 1998 से इस क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा के कई प्रतिमान स्थापित किए हैं। भव्य एवं सुन्दर भवन में संचालित इस महाविद्यालय में कला स्नातक, विज्ञान स्नातक और वाणिज्य स्नातक की शिक्षा प्रदान की जा रही है। सम्प्रति इस महाविद्यालय में पुस्तकालय, आई.टी.लैब, छात्रावास, खेल मैदान तथा चार स्मार्ट कक्षा-कक्ष अत्याधुनिक तकनीक से विकसित किए गए हैं। महाविद्यालय परिसर वाई-फाई एवं कैमरे की सुविधा से युक्त है। महाविद्यालय में नियुक्त शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक कर्मियों की कर्त्तव्यनिष्ठा, कर्मनिपुणता, योग्यता तथा समर्पण से समग्र गतिविधियां निर्धारित मानकों एवं नियमानुसार व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही हैं।

महाविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर विविध विषयों में प्राध्यापकों के 25 पद तथा गैर-शिक्षक वर्ग के 11 पद स्वीकृत है। वर्तमान में 3 प्राध्यापक एवं 1 वरिष्ट लिपिक का पद रिक्त है। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और अर्थशास्त्र के पद दीर्घकाल से रिक्त हैं। वर्तमान सत्र में डॉ0 रामलाल, प्राध्यापक अर्थशास्त्र, प्राचार्य पद से डॉ0 पवन कुमार सलारिया रिया, प्रो0 बबीता, प्राध्यापक हिन्दी प्रो0 अनुपमा (अंग्रजी) प्रो0 विक्रान्त गौतम महाविद्यालय से अन्य महाविद्यालयों में स्थानान्तरित हुए। अन्य महाविद्यालयों से स्थानान्तरित होकर कार्यभार ग्रहण कर्त्ताओं में प्राचार्य, डॉ0 ललिता चन्दन, डॉ0 सुरेन्द्र शर्मा, प्रवक्ता हिन्दी प्रो0 हिमानी सकसेना, प्राध्यापिका अंग्रेजी और शारीरिक शिक्षक डॉ0 जितेन्द्र ठाकुर हैं। श्री सन्दीप भारद्वाज ने पदोन्नत होकर अधीक्षक पद का कार्यभार ग्रहण किया।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2020 में 9 महाविद्यालय, उत्कृष्ट महाविद्यालय घोषित किए गए तथा उत्कृष्ट महाविद्यालय के अंतर्गत हर महाविद्यालय को एक करोड़ रूपये का अनुदान विभिन्न मदों के लिए दिया गया। वर्ष 2021 में 18 महा विद्यालय उत्कृष्ट महा विद्यालय घोषित किए गए जिसमें राजकीय महाविद्यालय ठियोग को भी चयनित किया गय। वर्ष 2021 के बजट में महा विद्यायल ठियोग को भी 1 करोड़ की राशि प्रदान की गई जिसे विभिन्न मदों, स्पोटर्स एवं कला, एकडिमक अपग्रेडशन, शोध कार्य, सिविल कार्य, व आधारभूत संरचना के लिए 2021 वित्त वर्ष में व्यय किए गए। इस सत्र में उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के तहत विद्यार्थियों में विभिन्न प्रकार के कौशल विकसित करने के लिए प्रयोजनार्थ कौशल आधारित (स्किल बेस्ट) एकीकृत पाठ्यक्रम करवाये जा रहे है। इसके अंतर्गत 15 फरवरी, 2022 में महा विद्यालय में टैली व जी.एस.टी. के बारे में विस्तृत व व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। प्राथमिक चिकित्सा (First Aid) पर आधारित 30 घंटों का स्किल कोर्स भी महाविद्यालय द्वारा 07 मार्च, 2022 से आरंभ करवाया गया जिसमें 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया इस कोर्स का व्यावहारिक भाग (paractical parts) चिकित्सा अधिकारी (MD) सिविल अस्पताल ठियोग के पर्यवेक्षण में पूरा हुआ। योगा एवं न्यूट्रिशन विषय पर आधारित एकीकृत पाठ्यक्रम भी 07 मार्च, 2022 से 30 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ एवं 'बागवानी' संबंधी skill best कोर्स का आरंभ 10 मार्च 2022 से शुरू हुआ जिसमें 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत एक सम्मेलन कक्ष (Conference Hall)एक Botanical Glass House तीन स्मार्ट कक्षा कक्ष (class room) sound system, सामुहिक गतिविधियों के लिए नृत्य पोशाक, खेलों के लिए किट, पिच और बॉउलिंग मशीन, कक्षाओं के लिए स्मार्ट फर्निचर एवं

आऊटडोर स्क्रीन खरीदी गई।

महाविद्यालय के सौदर्यवधर्न के लिए एवं स्थानीय संस्कृति को चित्र के माध्यम से परिलक्षित (Depict) किया गया है। एक कक्षा को बेहतरीन रंग से सुसिज्जत किया गया है एवं महाविद्यालय की basic amenties और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके इसका प्रावधान किया गया है। गेट, पेंट और रिपेयर का कार्य अभी लंबित है।

## छात्र नामाकंन एवं परीक्षा परिणाम

महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021-2022 में 1189 छात्र नामांकित हुए, जिनमें 486 छात्र एवं 703 छात्राएं है। कला सनातक में 942, विज्ञान सनातक में, 90 और वाणिज्य सनातक में 157 छात्र पंजीकृत है। सभी संकायों में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की संख्या अधिक है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तहत महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन यू.जी.सी. (सी.बी.सी.एस.) वार्षिक प्रणाली आधारित है तथा परीक्षा परिणाम ग्रेड प्रणाली द्वारा निकालने की व्यवस्था है। विश्वभर में करोना महामारी के चलते सत्र 2020-21 में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्रों को आन्तरिक मूल्यांकन के आधार पर अग्रिम कक्षा के लिए पदोन्नत किया गया। अन्तिम अथवा तृतीय वर्ष के छात्रों का परिणाम परीक्षा आधारित रहा। महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की होनहार छात्रा, शीतल हेटा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की मैरिट (श्रेष्ठता) सूची में सप्तम स्थान प्राप्त किया।

## छात्रवृतियां

इस सत्र में तीनों संकायों के 56 विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की गई। जिसमें कल्पना चावला छात्रवृति 26 छात्रों के, आई. आर.डी.पी. के 12 और अनुसूचित जाति के 20 छात्रों को छात्रवृति प्रदान की गयी।

## अभिभावक-प्राध्यापक संघ

महाविद्यालय के समुचित प्रबन्धन के लिए प्रतिवर्ष अभिभावक संघ का गठन किया जाता है। इस सत्र में 9 अक्तूबर, 2021 को अभिभावक-शिक्षक संघ का पुनर्गठन किया गया, महाविद्यालय के चँहुमुखी विकासार्थ इनका सराहनीय योगदान रहा है। निम्न पदाधिकारी एवं सदस्य इस पुनीत कर्त्तव्य हेतु चयनित किए गए।

- **संरक्षक**-डॉ. ललिता चन्दन (प्राचार्या)
- **अध्यक्ष**- श्री जगदीश (अभिभावक)
- **उपाध्यक्ष**- श्री देवराज (अभिभावक)
- **सचिव**-डॉ प्रवीण जरेट (प्राध्यापक)
- **संयुक्त सचिव**- श्री गीताराम (अभिभावक)

## कार्यकारी सदस्य

### अभिभावक-

- श्रीमती राधा देवी
- श्रीमती मीरा देवी
- श्री सन्दीप भारद्वाज

### प्राध्यापक-

- प्रो. दीपक कपरेट
- प्रो. अनुपमा सिंह
- डॉ. मोहन शर्मा

- सेवा निवृति इस सत्र में श्रीमती कृष्णा देवी और श्रीमती सुन्दला देवी चपरासी के पद से सेवानिवृत्त हुई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

नेतृत्व गुणों और लोकतान्त्रिक दृष्टिकोण को प्राप्त करने तथा सहयोग की भावना जागृत करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीतु शर्मा और डॉ मोहन शर्मा के निर्देशन में दो इकाईयां कार्यरत्त हैं। इन इकाईयों में 150 स्वयं सेवक पंजीकृत हैं। इस सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा अगस्त माह में वृक्षारोपण किया गया। 24 सितम्बर को महाविद्यालय 'राष्ट्रीय सेवा योजना' का स्थापना दिवस मनाया गया।

अक्तूबर माह में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जागरूकता रैली, महाविद्यालय परिसर सौन्दर्यीकरण और 2 क्विंटल प्लास्टिक को एकत्रित किया गया। मैंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता को नवम्बर माह में स्वयं सेवी छात्राओं द्वारा सम्पन्न किया गया। महाविद्यालय में 2 सितम्बर 2022 से 8 सितम्बर 2022 तक चलाया गया जिसमें 66 स्वयं सेवकों ने भाग लिया, शिविर का उद्‌घाटन महाविद्यालय प्राचार्या, डॉ0 ललिता चन्दन तथा समापन समारोह शिविर के एिल घनौत गांव को गोद लिया गया, स्वयं सवेकों ने उस गांव में जाकर, कुंए बावड़ी की सफाई तथा ग्रामवासियों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया।

' मैं नहीं आप' इस ध्येय वाक्य को साकार करने के उद्देश्य से स्थानीय बाजार और महाविद्यालय परिसर के सौन्दर्यीकरण हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इस सत्र में इकाई के दौ छात्र, लक्षित शर्मा और अंकुश 2021 में जिला स्तरीय मेघा शिविर में भाग लिया।

## एन.सी.सी./ राष्ट्रीय कैडेट कोर

युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में एन.सी.सी. कार्यरत है। शैक्षणिक सत्र 202122 में प्रो. विक्रम भारद्वाज (ए.एन.ओ.) के कुशल नेतृत्व में एन. सी.सी. में 42 कैडेटस पंजीकृत हुए जिसमें 25 एस.डब्लू. (छात्राएं) और 17 एस. डब्ल्यू(छात्र) शमिल है। ए.एन.ओ. विक्रम भारद्वाज का राजकीय महाविद्यालय संजौली को स्थानांतरण होने के पश्चात प्रो0 अरूण कुमार को बतौर एन.सी.सी. केयर टेकर ऑफिसर कार्यभार सौंपा गया। इस सत्र की एन.सी.सी. इकाई की गतिविधियों /उपलब्धियों को ब्यौरा इस प्रकार है।-

- 7 अगस्त 2021 को कैडेटस द्वारा वृक्षारोपण करना व ए.डी.एम. ठियोग द्वारा संबोधन।
- सीनियर अंडर ऑफिसर अंकुश द्वारा 15 से 29 सितंबर, 2021 तक चिकारी युनिवर्सिटी में आयोजित बटालियन लेवल कैंप में भाग लिया।
- केन्द्रीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सी.ए.टी.सी.) शोघी कैंप में द्वितीय व तृतीय वर्ष के कैडेट्स द्वारा 15-11-2021 से 24-11-2021 के मध्य भाग लेना व योग्यतानुसार रैंक प्राप्त करना।
- 26 जनवरी, 2022 को शिमला में हुई गणतंत्र दिवस परेड में एस.यू. ओ. अंकुश और कैडेट अवनीश द्वारा भाग लेना।
- प्रत्येक माह थीम आधारित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेना।
- रोड सेफ्टी क्लब में एन.एस.एस. के कैडेटस महाविद्यालय के सभी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाते है।
- साहित्य परिषद/ हिन्दी दिवस

## कार्यकारिणी

- **अध्यक्ष/समन्वयक**- प्रों. सुरेन्द्र शर्मा
- **सदस्य**- प्रो.मोहन शर्मा
- **सदस्य**- प्रो. अरूण शर्मा

- सचिव- मोनिका (बी.ए. तृतीय वर्ष)
- सहसचिव- कृतिका( बी.ए. तृतीय वर्ष)
- महाविद्यालय की साहित्य परिषद द्वारा 14 सितम्बर, 2021 से 20 सितम्बर, 2021 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसके तहत भाषण, काव्य पाठ, निबंध लेखन, नारा लेखन जैसी विविध प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## ''रोवर और रेंजर संगठन''

महाविद्यालय में गठित रेंजर्स और रोवर की गतिविधियां सराहनीय है। डॉ. अरविन्द पॉल और प्रो. कनिका लखनपाल के निर्देशन में गठित संगठन बेहतर इन्सान और समाज सेवा तथा सहयोग के निमित्त सक्रिय है। इस सत्र में इकाई द्वारा पौधा रोपण, स्वच्छता अभियान एवं सड़क सुरक्षा और यातायात नियन्त्रण के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय में रोवर और रेंजर्स ने रक्तदान शिविर में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया, जिसमें रोवर्स और रेजर्स ने महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली, पोस्टर बनाए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण पीपीटी प्रस्तुतिकरण किया, जिसके माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

वर्ष 2020 में 25 व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर उपमंडलाधिकारी, ठियोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ज्योतिका, दीक्षा ठाकुर, सपना दिव्यांशी, शमिला, अंशुला व मनीष कुमार ने लोक संगीत एंव लोक नृत्य में भाग लिया। इन्ही विद्यार्थियों ने 14 एवं 15 अगस्त 2021 को भी उपमंडलाधिकारी, ठियोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम ठियोग उत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस पर भाग लिया। अंशुला कांजटा ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## खेलकूद गतिविधियां

महाविद्यालय में खेल कूल प्रतियोगिता के आयोजन की स्वस्थ परंपरा रही है। इसी के तहत महाविद्यालय में बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तीनों वर्षों के लगभग 50 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। छात्र वर्ग में बी.ए. तृतीय वर्ष विजेता रहा तथा छात्रा वर्ग में मिली जुली टीमों ने भाग लिया अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगितायों में महाविद्यालय की दो टीमों ने भाग लिया तथा छात्र वर्ग की शतरंज की टीम ने महाविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ष उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के तहत 30 छात्र एवं छात्राओं ने 'योगा एवं न्यूट्रीशन' के स्टीफिकेट कोर्स में भाग लिया। यह कोर्स मार्च 7 से शुरू होकर मार्च 25 को समाप्त हुआ।

खेल कूद प्रतियोगिताओं के तहत महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। खेल दिवस पर गोला फैंक, चक्का फैंक, दोडैं, ऊंची कूद, बास्केटबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें छात्र एवं छात्राओं के स्वर्ण, रजत एवं कास्यं पदकों से नवाजा गया।

## महाविद्यालय पत्रिका

महाविद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों की सहित्यिक, सृजनात्मक, काल्पनिक एवं उन्मुक्त वैचारिक चिन्तन की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम से विद्यार्थी अपने परिवेश से अपने अनुभव को मनोभावों, संवेदनाओं एवं अपनी अनुभूतियों को अपनी रचना का मुख्य स्वर बनाकर अभिव्यक्त करता है। महाविद्यालाय में छात्रों की रचनात्क अभिव्यक्ति को जीवन्त दस्तावेज महाविद्यालय की छात्र-पत्रिका ''पुष्पिताग्रा'' है। इसमें विभिन्न अनुभागों में विद्यार्थियों के विविध विषयक मौलिक रचानएं प्रकाशित की जाती है।

## सोशल आऊटरीच क्लब

महाविद्यालय में डॉ. मोहन शर्मा की अगुवाई में गठित सोशल ऑऊटरीच क्लब सदैव सामाजिक सेवार्थ अग्रणी रहता है।

## इको क्लब

इको क्लब द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस तथा विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम किए गए। इको क्लब के संयोजक प्रो0 भगवती चरण के नेतृत्व में कई सराहनीय कार्य किए गए। क्लब द्वारा वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर के सौन्दरीकरण हेतु विभिन्न प्रकार के पुष्पों को रोपा गया।

## पुस्तकालय

इस महाविद्यालय में एक पुस्तकालय कक्ष है। जो पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का महत्वपूर्ण व अभिन्न अंग होता है, जिसमें विभिन्न विषयों से सम्बधित 5100 उपयोगी पुस्तकें हैं। जिसमें Encylopedia एवं Dictionary की सन्दर्भ में पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई है। पुस्तकालय में हर समय विद्यार्थी ज्ञान प्राप्त करने के लिए पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकें तथा समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं का अध्ययन करने को आते है। पुस्तकालय में Soul Software की सुविधा है जब भी समय हो, पुस्तकालय का प्रयोग करते रहो।

## रेड रिबन क्लब

राजकीय महाविद्यायल ठियोग में रेड रिबन सोसायटी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पहले दिन रक्तदान शिविर का शुभांरम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ललिता चंदन ने किया। दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल शिमला के डॉ. दीपक के नेतृत्व में आई टीम ने 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया। दूसरे दिन जिला एड्स कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. राकेश भारद्वाज और डॉ. राजेन्द्र टेक्टा (बी. एम.ओ. मतियाना) ने मुख्यअतिथी के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एच.आई.वी. और टी.बी. के बारे में जागरूक किय। अंत में एक मिनट टी.बी. वीडियों प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें दीपक चौहान, गौरव और रजनी को विजेता घोषित किया गया। आयोजन में कॉलेज प्राचार्या डॉ ललिता चंदन, रेड रिबन क्लब से संयोजक डॉ श्वेता शर्मा, कॉलेज प्रोफेसर अजीत ठाकुर, प्रो सुरेन्द्र चौहान, प्रो अंजलि, प्रो शिवानी सूद, प्रो शालु मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालय ठियोग में 25 मार्च, 2022 को इको क्लब और रेड रिब्न क्लब द्वारा विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, क्लब के संयोजक प्रो. भगवती चरण और डॉ. श्वेता शर्मा थे। महाविद्यालय कि प्राचार्या डॉ. ललिता चंदन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकित की। सिविल अस्पताल से आई डॉ. प्रिया वर्मा जो मुख्य वक्ता थी उन्होंने छात्रों को फस्ट एड की जानकारी दी, इस अवसर पर poster making declamation और quiz प्रतियोगिता भी कराई गई।

## विभागीय गतिविधियां

अकादमिक सत्र 2021-22 इस महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के अकादमिक विकास में इन कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण योगदान है।

वाणिज्य विभाग (Commerce Department) द्वारा 25 नवम्बर 2021 को शेयर मार्केटिंग एवं 9 दिसंबर, 2021 को केरियर परामर्श (Career counselling) विषय पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। विभाग द्वारा 23 दिसंबर 2021 को अकादमिक व सांस्कृतिक (Academic cum cultural) कार्यक्रम आयोजित करवाया गया।

## 26 नवंबर 2021

राजनीति शास्त्र विभाग के द्वारा 26 नवम्बर 2021 को राजकीय महाविद्यालय ठियोग में संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर विभिन्न गतिविधियां-भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर लेखन और नारा लेखन का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को संविधान के मूल्यों आदर्शों आकांक्षाओं एवं उद्देश्य से अवगत कराया गया।

राजनीति शास्त्र एवं इतिहास विभाग के द्वारा 12 सितम्बर 2021 को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर विभिन्न गतिविधियों-भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर लेखन और नारा लेखन एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को स्वतन्त्रता संग्राम में महान स्वतन्त्रता सेनानियों की भूमिका से अवगत कराया गया।

## Women Cell

वुमेन सेल के सदस्य द्वारा 16-12-2021 को महाविद्यालय के समीप मजदूर महिलाओं को सैनिटरी नैपकिंन का वितरण किया गया न केवल सदस्यों ने मजदूर महिलाओं को सैनिटेरी नैपकिंन बांटे अपितु उनकी साफ सफाई के बारे में और सैनिटरी नैपकिंन को कैसे डिस्पोस ओफ करना है, इसके बारे में समझाया।

## रोड सेफ्टी

सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए, हमारे महाविद्यालय द्वारा युवा पीढ़ी की सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के एिल रोड सेफ्टी क्लब की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य ना केवल युवा पीढ़ी को जागरूक करना है, अपितु अन्य आम जनमानस को जागरूक करना भी हैं इस कल्ब के द्वारा जागरूकता रेली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाजार में लोगों को जागरूक किया गया । क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया जिसमें रिसोर्स पर्सन द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत करवाया गया। विशेषज्ञ द्वारा विस्तार पूर्वक वाहन संकेतों एवं सड़क पर चलते हुए उनके नियमों के बारे में भी बताया। रोड़ सेफ्टी क्लब द्वारा प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता और पी.पी. प्रस्तुतीकरण करवाया गया, जिसमें कि छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रारंभ में छात्रों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। क्लब की समन्वयक डॉ रीतु शर्मा द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से छात्रों को नियमों की अवहेलना न करने के प्रति प्रेरित किया गया। वर्तमान में इस रोड सेफ्टी क्लब में डॉ. मोहन शर्मा, डॉ. अरविंद पाल डॉ. कनिका लखनपाल और प्रोफेसर अरूण शर्मा है।

## एक गांव का दौरा

वोमैन सेल ने सरकार के निंदेशों पर जैस नामक गांव को गोद लिया, 18 नवम्बर 2021 को वोमैन सैल की सभी सदस्य उपरोक्त गांव गई और वहां की महिलाओं को उनके अधिकारों, उनकी शिक्षा, समाज में उनका स्थान और "Social Justice and Empowerment Department" द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

महाविद्यालय में 8 मार्च, 2022 को अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ललिता चन्दन ने निभाई। डॉ रूचि शर्मा MO/IC सैंज ने कॉलेज के विद्यार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत की अपने वार्तालाप में डॉ रूचि शर्मा ने खाने-पीने से संबंधित मोबाईल फोन प्रयोग करने से संबंधित, आचार-विचार ठीक रखने से संबंधित और अनुशसित दिनचर्या अपनाने संबंधित बातचीत की। उसके बाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम के अंत में भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रो0 डॉ रविन्दर चौहान और प्रो0 डा0 भगवीत चरण ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ललिता चन्दन प्राचार्या ने महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ उनकी जागरूकता पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

## प्रो. रीतू शर्मा

अंर्तराष्ट्रीय विविध विषयक जर्नल में Sacrilige of jordanian penal code: Reading Rana Husseini." नामक एक अध्याय प्रकाशित हुआ।

Sociocultural Practices through the lens of the memoir of Maukhtar Mai" शीर्षक पर आधारित एक अध्याय " Socio-cultural indicators of indigeneous people : A study in regional cuisines, costumes and folk art study, culture and literature नामक किताब में प्रकाशित हुआ।

इको क्लब राजकीय महाविद्यालय धामी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में एवं संजौली महाविद्यालय में crime

against women के दो दिवसीय सेमिनार में भाग लिया।

### प्रो0 शालू चौहान

रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर शालू दुल्टा ने 'उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र' राजकीय महाविद्यालय संजौली में "Right of women tolive with dignity at home and workplace." विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

### प्रो0 शिवानी सूद

वाणिज्य विभाग से प्रो0 शिवानी सूद ने 'उत्कृट शिक्षा केन्द्र'' राजकीय महाविद्यालय संजौली में आयेजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में " Deconstructing capital punishment and its's detererrnce के मध्य ' Revamping Emotional and profesional paradigms +for an inclusive approach to holastic education भी पूरा किया।

### डॉ0 श्वेता शर्मा

हिम साईंस कांग्रेस एसोशियशन द्वारा 11-12 सितम्बर, 2021 को करवाई गई Progress fo science and technology during pandamic (PSTDP) विषय पर आधारित दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय e-conference में डॉ श्वेता शर्मा को इनके रिसर्च पेपर Cytoprotectice effects of diatary plants के लिए best oral presentation award से सम्मानित किया गया।

### डॉ विपिन

इन्होंने सवित्री बाई फूले पूने विश्व विद्यालय से Leadership and Governace in higher Education level-II विषय पर आधारित आनलाईन रिफरेशर कोर्स पूरा किया। डॉ0 विपिन ने इस सत्र में दो राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग लिया।

### डॉ मोहन शर्मा

डॉ शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय से 202-2021 में Informartion of computer technology विषय पर आधारित रिफरेशर कोर्स किया और चार राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। सत्र 2021-22 में इन्होंने 96 वेबीनार, 3 FDP, 3 ट्रेनिंग जर्नल में प्रकाशित हुए। इन्होंने सावित्री बाई फुले पूने विश्व विद्यालय से Teacher and techning in highter education विषय पर आनलाईन रिफेशर कोर्स पूरा किया। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय से संस्कृत पैडागॉजी पर आधारित आनलाईन रिफरेशर कोर्स भी किया।

### प्रो0 कनिका लखनपाल

भूगोल विभाग में प्रो0 कनिका ने राजकीय महाविद्यालय धामी और cope comrin trust के संयुक्त तत्वाधान विषय पर Virtual माध्यम से GDP पूरा किया। इन्होंने 23-38 अगस्त 2021 तक जे.ए.यू. दिल्ली द्वारा आयोजित ऑनलाईन शॉर्ट टर्म कोर्स किया। संजौली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लिया।

### प्रो0 सविता कुमारी

इतिहास विभाग से सहायक प्रोफेसर सविता कुमारी ने राजकीय महाविद्यालय संजौली द्वारा Capacity building programme on soft skill विषय पर आधारित साप्ताहिक कार्यशाला में 9-14 अगस्त, 2021 तक भाग लिया। 27-28 अगस्त, 2021 तक crime against women: the Devi Violated विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में Two contrasting aspects of women through sculptural art in the Kuluta region शीर्षक पर पत्र वाचन किया। international ournal of research and analystical reviews (IJRAR) के आठवें संस्करण में sculpture of Mahishasura Mardini in the Vishveshwara Mahadeva Temple at Bajaura Tracing Elements of different Forms शीर्षक संबंधी इनका

शोध पत्र प्रकाशित हुआ। इसके अलावा अनेक सम्मेलनों और कार्यशालाओं में भाग लिया।

**प्रो. हिमानी सक्सेना**

अंग्रेजी विभाग कि प्रोफसर हिमानी सक्सेना ने राजकीय महाविद्यालय संजौली में 27-28 अगस्त, 2021 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन "Crime against women" The devi violated में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ सरोज नेगी चौहान**

डॉ नेगी ने Teaching Learning Centre, Ramanujan College Delhi Univesity द्वारा 15 मार्च, 14 अप्रैल 2021 तक आयोजित ऑनलाईन Induction/Orientation Programme (4weeks) पूरा किया।

**प्रो. दीपक कपरेट**

अंग्रेजी विभाग के प्रो. कपरेट ने राजकीय महाविद्यालय संजौली में 27-28 अगस्त, 2021 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में Redefining honour of women विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इन्होंने इसी महाविद्यालय में 22-23 अक्टूबर 2021 को Sustanable Horticulture HDP Model शीर्षक पर भी पत्रवाचन किया। राष्ट्रीय स्तर का यह सम्मेलन sustanable development : Issues and challanges विषय पर आयोजित किया गया।

**प्रो0 अजीत ठाकुर**

गणित विभाग के सह आचार्य प्रो0 अजीत ठाकुर ने उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में दो राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किए।

**प्रो0 प्रदीप ठाकुर**

वाणिज्य विभाग से प्रो. प्रदीप ठाकुर ने सत्र 2020-21 में हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय से Information of Computer Technology (ICT) विषय पर आधारित रिफेरशर कोर्स पूरा किया और दो राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार में भाग लिया। इन्होंने सत्र 2021-22 में 24 बेविनार, दो Faculty Development Programme (FDP) किए। इसके अलावा सावित्री बाई फुले पूने विश्व विद्यालय से Teacher and Teaching in Higher Education Level II विषय पर आयोजित दो अलग अलग ऑनलाईन रिफ्रेशर कोर्स पूरे किए।

**निष्कर्ष**

राजकीय महाविद्यालय ठियोग अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में विगत दो दशकों से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। हमने काफी कुछ अर्जित कर लिया है अभी बहुत कुछ प्राप्त करना बाकि है। आशा है यह महाविद्यालय भविष्य में और भी नई ऊँचाइयाँ छुएगा और बेहतरीन शिक्षण संस्थान के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

धन्यवाद!

**डॉ. ललिता चन्दन**
प्राचार्या
**राजकीय महाविद्यालय ठियोग**

## राजकीय महाविद्यालय ठियोग

जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश